आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- कांग्रेस ने हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी किए घोषित– देहरा सीट पर मंथन जारी।
- राज्य सरकार सोलन के कंडाघाट में दिव्यांगजनों के लिए स्थापित करेगी उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं के लिए रोज़गार के रास्ते बंद करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी– मंडी और कांगड़ा ज़िले के कुछ स्थानों पर वर्षा ने दी राहत।

...............

कांग्रेस प्रत्याशी

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। इन चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने आज हमीरपुर और नालागढ़ सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने हमीरपुर से डॉक्टर पुष्पेन्द्र वर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को प्रत्याशी बनाया है। फिलहाल देहरा सीट पर उम्मीदवार को लेकर मंथन जारी है। इस बीच भाजपा पहले ही इन तीनों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। भाजपा ने हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से के.एल ठाकुर जबकि देहरा से होशियार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार सोलन ज़िले के कंडाघाट में दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र स्थापित करेगी। उन्होंने आज शिमला में बताया कि विशिष्ट सुविधाओं से लैस इस केन्द्र में 27 वर्ष तक की आयु के विशेषरूप से सक्षम बच्चों

के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित व्यापक सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार इस परियोजना को तय समय में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को तैयार करने के लिए प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिया गया है और इस केन्द्र से 3 सौ दिव्यांग विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

शिक्षा मंत्री

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नीट यूजी–2024 के परिणाम में धांधली के आरोपों के संबंध में कहा है कि मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ सहन नहीं होगा। शिक्षा मंत्री ने एन.टी.ए. पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एन.टी.ए. में भी अगर कोई दोषी होगा तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नीट यूजी परीक्षा में इस बार 24 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल हुए थे।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पंडोगा–त्यूड़ी पुल का निरीक्षण किया। करीब 560 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 52 करोड़ रूपये से किया जाएगा। इस पुल के बनने से जहां स्वां नदी के आर–पार जाने में सुगमता होगी, वहीं सड़क सम्पर्क और बेहतर हो सकेगा। मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित बनाने और कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, पुलों सहित पानी की करीब 5 सौ करोड़ रूपये की योजनाओं के कार्य प्रगति पर है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन अब सरकार रोज़गार के रास्ते बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा कार्यकाल में शुरू की गई स्वावलंबन योजना को भी बंद कर दिया है इसके अलावा योजना को बंद करने से पहले

स्वीकृत हुई योजनाओं का बजट भी जारी नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की स्टार्टअप योजना का उल्लेख करते हुए सरकार से सवाल किया कि अब तक इस योजना से कितने लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार की बदले की भावना से काम करने की वजह से प्रदेश के युवाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

<u>प्रतिभा सिंह</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में होने जा रहे तीनों उपचुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही तीनों चुनाव क्षेत्रों में प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने आज नालागढ़, हमीरपुर और देहरा ब्लॉक कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दूरभाष पर चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पूरी तरह से सक्रिय हो गया है।

<u>जगत सिंह</u>

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में पूह पंचायत के लिए 2 करोड़ 90 लाख रूपये से बन रही उठाऊ पेयजल योजना के दूसरे चरण का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना का शेष कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने रोपा वैली की सुन्नम पंचायत के लिए 6 करोड़ 73 लाख रूपये की लागत से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना सहित सुन्नम गांव से बारोकंडा के लिए सम्पर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया।

<u>खजियार</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चंबा ज़िले के खजियार में पिछले दिनों एनआरआई दम्पति पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस मामले में पुलिस को विस्तृत जांच कर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस मामले में प्रदेश पुलिस अमृतसर पुलिस स्टेशन से आने वाली जानकारी के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

विक्रमादित्य–रोहित ठाकुर

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की करयाली पंचायत के नराड़ और देवला पंचायत के गढ़ की धार गांव में अग्निकांड प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने ज़िला प्रशासन को जंगली आग से जले मकानों के नुकसान का जल्द आकलन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा इन्होंने बागवानी विभाग के अधिकारियों को भी आग से जले फलदार पौधों के स्थान पर नए पौधे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

दूसरी ओर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तहत गिलटाड़ी गांव का दौरा किया। एक खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के पुजारली में 5 करोड़ रूपये की लागत से स्कूल भवन और एक करोड़ रूपये की लागत से पशु औषधालय का निर्माण किया जाएगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई गॉव ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

उत्सव

कुल्लू के लाल चंद प्रार्थी कला केन्द्र में 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव कल से शुरू होने जा रहा है। इस चार दिवसीय उत्सव में कई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि इस उत्सव में कुल्लू ज़िले के 40 स्कूलों के करीब डेढ़ हज़ार बच्चे लोक संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने सहित समाज सेवा और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है।

इस बीच शिमला में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की धूम है। इस उत्सव के दौरान लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अन्य गतिविधियों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में आज फैशन शो और पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यैर की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। ऊना का अधिकतम तापमान आज 44 डिग्री, धौलाकुंआ का तापमान 43 दशमलव 3 डिग्री जबकि बिलासपुर का तापमान 40 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने के कारण लोगों को रात के समय भी गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि कांगड़ा और मंडी ज़िले के कुछ स्थानों पर आज दोपहर बाद वर्षा होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

पेयजल किल्लत

इधर भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में जल स्रोत भी सूखने लगे हैं। राज्य के अन्य स्थानों के साथ–साथ शिमला शहर में भी लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में चार से पांच दिन के बाद पानी की आपूर्ति हो पा रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान के अनुसार शहर में टैंकर से भी मांग के अनुसार पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक सतलुज नदी से शिमला शहर के लिए पानी लाने की योजना है जिससे पेयजल समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

नमस्कार